देर से रोपाई वाले धान में पौधों के बौनेपन की समस्या बहुत कम: पी ए यू

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी ए यू), लुधियाना ने किसानों को सलाह दी है कि अगेती फ़सल की तुलना में देर से रोपे गए धान में 'सदर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस (एस आर बी एस डी वी)' का रोग बहुत कम लगता है, जो पौधों में बौनेपन का कारण बनता है, और इससे सिंचाई के पानी की भी बचत होती है।

पी ए यू ने कहा है कि 5 जुलाई और 15 जुलाई को रोपाई की गई धान की किस्मों पी आर 126, पी आर 131 और पी आर 121 पर वायरस लगने की घटना क्रमशः 0.7% और 0.6% थी।

सफेद पीठ वाला प्लांट हॉपर (फुदका) एस आर बी एस डी वी संचारित करता है, जिसके कारण धान के पौधे बौने हो जाते हैं। पी ए यू के अतिरिक्त अनुसंधान निदेशक (फ़सल सुधार) जी एस मांगट ने कहा कि उन्होंने शोध किया था जिसमें यह देखा गया कि देर से रोपे गए धान में बौने पौधे तुलनात्मक रूप से कम थे।

"खरीफ 2022 मौसम के दौरान, एस आर बी एस डी वी की घटनाएं देखी गई थीं। हालांकि 2023 के दौरान इस वायरस की कोई घटना सामने नहीं आई, लेकिन फिर भी हमें इसे लेकर सतर्क रहना होगा। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे नर्सरी की बुआई से ही सफेद पीठ वाले फुदके, जो इस बीमारी को फैलाते हैं, की उपस्थिति के लिए खेतों का सर्वेक्षण करते रहें," उन्होंने सलाह दी।

मांगट ने कहा कि कीटों की निगरानी के लिए नर्सरी/खेत के पास बल्ब जगाना चाहिए क्योंकि रात के समय कीड़े रोशनी की ओर आकर्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि पौधों में फुदका दिखाई देने पर सिफ़ारिश किए गए कीटनाशकों का छिड़काव करना चाहिए।

"इसके अलावा, यह देखा गया कि देर से रोपे गए धान में बौने पौधे तुलनात्मक रूप से कम थे। इसलिए, जल्दी नर्सरी की बुआई (25 मई से पहले) और जल्दी रोपाई (25 जून से पहले) करने से बचना चाहिए," उन्होंने सलाह दी।

धान की किस्मों की रोपाई की तारीख़ और वायरस के हमले की घटना

रोपाई की तारीख़	उपज (क्विंटल प्रती एकड़)			#वायरस रोग की घटना (बौने पौधे % में)
	पी आर 126	पी आर 131	पी आर 121	
जून 15	29.6	36.8	32.3	16
जून 25	34.8	38.0	33.5	9.8
जुलाई 5	37.5	34.6	32.2	0.7
जुलाई 15	36.1	32.0	29.0	0.6